Source: - नवभारत टाइम्स

Date:- 28 सितंबर 2018

Page No:- 11

इंदौर में 100 करोड़ से ज्यादा का नशीला पदार्थ बरामद, 3 अरेस्ट

■ **पीटीआई, इंदौर :** मादक द्रव्यों के अंतरराष्ट्रीय गिरोह के खुलासे का दावा करते हुए राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) ने गुरुवार को इंदौर में करीब 10 किलोग्राम नशीले पदार्थ फेंटानिल के साथ 3 लोगों को गिरफ्तार किया। बरामद पदार्थ की कीमत नशे के अवैध अंतरराष्ट्रीय बाजार में 100 करोड़ रुपये से ज्यादा आंकी जा रही है। इतनी बड़ी मात्रा में इस मादक पदार्थ की बरामदगी का यह पहला मामला है। इस गिरोह के तार अमेरिका और यूरोप के देशों से जुड़े हो सकते हैं। गिरोह के एक सदस्य के बारे में पता चला है कि वह मैक्सिको का नागरिक है। इस बात की तसदीक की जा रही है।

Scanned by CamScanner